**15/07**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज से लागू हुआ भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता - CETA तथा सामाजिक सुरक्षा समझौता दोनों देशों की साझेदारी में एक महत्वपूर्ण उप्लब्धी हैं। उन्होंने कहा कि CETA से भारत के किसानों, उद्‍यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्‍यमों को नई गति मिलेगी तथा विभिन्न क्षेत्रों को ब्रिटेन के बाजार तक बेहतर पहुंच प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समझौता प्रौद्‍योगिकी, पेशेवर सेवाओं और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को भी और मजबूत करेगा, साथ ही कुशल भारतीय पेशेवरों की आवाजाही को भी बढ़ावा देगा।

0000000000000000000000000

पूर्वोत्तर परिषद - NEC ने केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय - डोनर के तहत मई और जून 2026 के दौरान स्कीम्स ऑफ एनईसी (SoNEC) तथा नॉर्थ ईस्ट स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (NESIDS) के अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश की प्रमुख विकास परियोजनाओं के लिए उन्नीस करोड़ तीन लाख रुपये से अधिक की राशि जारी की है। यह धनराशि स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, आजीविका तथा सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने में उपयोग की जाएगी। प्रमुख परियोजनाओं में अपर सियाङ

ज़िले के यिङकियोङ जिला अस्पताल में नर्सिंग हॉस्टल, दिरांग में पर्सिमन प्रसंस्करण केंद्र तथा खारसांग में सुपरमार्केट-सह-पार्किंग सुविधा का निर्माण शामिल है।

000000000000000000000000000

राज्यसभा सांसद ताई तागाक ने अरुणाचल प्रदेश के लिए विशेष केंद्रीय बाढ़ राहत पैकेज की मांग करते हुए कहा है कि वर्तमान बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही, जन-धन, आजीविका और आधारभूत संरचना के नुकसान के लिहाज से 1950 के भूकंप के बाद की स्थिति से भी अधिक गंभीर है। एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि राज्य के कयी पान्योर, सियाङ क्षेत्र, कुरुङ कुमे, तिराप सहित कई जिलों में भारी तबाही हुई है और लगभग पंद्रह ज़िले गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार पचासी हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि क्षतिग्रस्त हुई है तथा राज्य के सभी अट्ठाईस जिलों में एक लाख से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं।

000000000000000000000000000

कुरुङ कुमे जिला प्रशासन ने गत तेरह जुलाई को आई फ्लैश फ्लड में एक महत्वपूर्ण पुल बह जाने के कारण कट गए रणनीतिक महत्व के सीमावर्ती क्षेत्र दामिन-हुरी से संपर्क बहाल कर दिया है। उपायुक्त चीचुंग चुखू के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने $85^{th}$ RCC के अधिकारी कमांडिंग और उनकी टीम के समन्वय से तत्काल बहाली अभियान शुरू किया।

लगातार बारिश, दुर्गम भू-भाग और प्रतिकूल मौसम के बावजूद कर्मियों ने दिन-रात कार्य कर एक अस्थायी लकड़ी का पुल तैयार किया, जिससे लोगों और आवश्यक सामग्रियों की आवाजाही फिर से शुरू हो सकी।

0000000000000000000000000000

गत अट्ठाइस जून को आई फ्लैश फ्लड से क्षतिग्रस्त हुई अवसंरचना की मरम्मत के बाद ईस्ट सियाङ ज़िले के लेसिंग मेगा जलापूर्ति परियोजना के अंतर्गत लेदुम और बिलात गांवों में आज से पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई। मिरेम, मिकोङ, निगलोक, ङोरलुङ, रुक्सिन और ओयान सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी बहाली कार्य जारी है, जिसके अगले दो से तीन दिनों में पूरा होने की उम्मीद है।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने भारत-नॉर्वे हरित साझेदारी के तहत देश की पहली पांच सौ किलोवाट क्षमता वाली रिवर काइनेटिक एनर्जी डेमोंस्ट्रेशन परियोजना के क्रियान्वयन के लिए नॉर्वे की कंपनी टाइडल सेल एएस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता अरुणाचल प्रदेश सरकार के सेंटर फॉर अर्थ साइंसेज़ एंड हिमालयन स्टडीज़ (CES&HS) और टाइडल सेल एएस के बीच हुआ। परियोजना का उद्देश्य बिना बड़े सिविल ढांचे के नदी की प्राकृतिक धारा से सीधे बिजली उत्पन्न करना है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

0000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के छह ज़िलो क्रा-दादी, कामले, अपर सुबनसिरी, शी-योमी, सियाङ और अपर सियाङ को छोड़ अन्य सभी ज़िलों के लिए येलो, साथ ही पापुम पारे के लिए अगले चौबीस घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000000

ऑल अरुणाचल प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन - AAPSU ने निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यभर में चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण - SIR की निगरानी के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। उपाध्यक्ष (प्रोटोकॉल) नाबाम गांधी की अध्यक्षता वाली यह समिति पुनरीक्षण प्रक्रिया के क्रियान्वयन की निगरानी करेगी, जिला छात्र संघों और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेगी, प्रक्रियागत अनियमितताओं की पहचान करेगी तथा यह सुनिश्चित करेगी कि प्रशासनिक त्रुटियों के कारण कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

0000000000000000000000000000

लोअर सुबनसिरी जिले के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा शुरू की गई रोग-प्रतिरोधी टमाटर की नई किस्म **अरकाअभेद** किसानों के लिए अधिक उत्पादन, कम लागत और बेहतर आय का माध्यम बन रही है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान - IIHR द्वारा विकसित इस किस्म का वर्ष 2023 में किसानों के खेतों पर परीक्षण किया गया था, जिसके बाद वर्ष 2024-25 में इसे फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन के तहत व्यापक स्तर पर अपनाया गया। इसकी उत्पादन क्षमता सत्तर से पिछहत्तर टन प्रति हेक्टेयर है और लंबी शेल्फ लाइफ के कारण किसानों को बाजार में बेहतर मूल्य भी मिल रहा है।

000000000000000000000000000